तापमान

अधिकतम 15.7 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023



11 कोहरे में दो बसों में आमने-सामने की टक्कर...






12 कारोर मोहित हत्याकांड में जतिन साथी सोनू सहित ...




## शहर में आज

- पीजीआईएमएस में नर्सिंग स्टाफ दो घंटे की हड़ताल पर रहेगा सुबह 10 से 12 बजे तक
- नेकीराम कॉलेज में एनएसएस शिविर सुबह 10 बजे से
- मॉडल टाउन के कन्या स्कूल में कर्मयोगी कार्यक्रम सुबह 9 बजे से
- गांधी नगर के अमृतानंद आश्रम से यात्रा निकाली जाएगी दोपहर 3:30 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे
- नगर निगम का विशेष सफाई अभियान सुबह 10 बजे से

# सरकारी अस्पताल के 150 से ज्यादा डॉक्टर हड़ताल पर, मांगें नहीं मानी तो कल से अनिश्चित काल के लिए सभी सेवाएं बंद

## पूरा दिन ओपीडी में 5 हजार से ज्यादा मरीज इलाज के लिए भटकते रहे

- डॉक्टर्स ने पूरा दिन सिविल अस्पताल में नारेबाजी की
- 29 से इमरजेंसी और लेबर रूम में भी काम नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिविल अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी के करीब 150 डॉक्टर बुधवार को हड़ताल पर रहे। पूरा दिन ओपीडी में मरीज इलाज के लिए भटकते रहे। करीब 5 हजार मरीजों को इलाज नहीं मिल पाया। मरीज अस्पताल को पहुंचे, लेकिन हड़ताल के कारण उन्हें वापस जाना पड़ा। डॉक्टर्स ने पूरा दि सिविल अस्पताल में बैठकर नारेबाजी की। हड़ताल कर रहे डॉक्टर्स ने चेतावनी दी है कि सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे 29 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। बुधवार को ओपीडी में हड़ताल की गई है, लेकिन 29 से इमरजेंसी सेवाएं, लेबर रूम में भी काम नहीं होगा। अस्पताल में कोई भी नया मरीज भर्ती नहीं किया जाएगा। डॉक्टर्स की चेतावनी से सरकार और मरीजों दोनों में चिंता बनी हुई है। सरकारी अस्पताल में अनिश्चतकालीन हड़ताल हुई तो स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। बता दें कि बुधवार सुबह 9 बजे से एचसीएमएस से जुड़े डॉक्टर अस्पताल में धरने पर बैठ गए। इनका नेतृत्व एसोसिएशन के जिला प्रधान विश्वजीत राठी कर रहे थे।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए सिविल अस्पताल में धरना देते हुए डॉक्टर्स।



हडताल के दौरान डॉक्टर का इंतजार करते हुए मरीज। फोटो: हरिभूमि

### वापस जाना पड़ा

बच्चों का इलाज करवाने पहुंची महिला कमला ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि आज डॉक्टर की हड़ताल हैं। अब वह कहां जाएं अगर प्राइवेट हॉस्पिटल में जाते हैं तो ज्यादा पैसे लगते हैं। सरकार ने सुविधा दी है उसे सुविधा का फायदा उठाने के लिए यहां पर आए थे, लेकिन यहां डॉक्टर हड़ताल पर हैं, इसलिए मायूस होकर वापस घर लौटना पड़ रहा है। सरकार को चाहिए कि जल्द ही इस समस्या का समाधान करें ताकि आम लोग परेशान न हो। वहीं दूसरी महिला मरीज राजबाला का कहना है कि वह ग्रामीण इलाकों से इलाज करवाने के लिए आई है और उसकी आंख में दिक्कत है, लेकिन यहां डॉक्टर हड़ताल पर हैं। उनकी आंख में दर्द हो रहा है, उन्हें मजबूरन किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में जाना पड़ेगा जो कि ज्यादा पैसे लगेंगे।

विश्वजीत राठी ने बताया कि हमारा उद्देश्य मरीजों को परेशान करना नहीं है। लेकिन तीन साल से सरकार हमें आश्वासन देकर टरका रही है। अब भी हड़ताल करने से पहले सरकार को चेतावनी दी गई थी, लेकिन मांगों पर कोई बातचीत नहीं की गई। इसके बाद हड़ताल करने का कदम उठाया गया। वहीं डॉक्टर्स ने आंदोलन तेज करते हुए 29 को भारत विकसित यात्रा में भाग नहीं लेने का फैसला लिया है।

### रोज 1500 की ओपीडी

नागरिक अस्पमाल की ओपीडी में हर रोज करीब 1500 मरीज आते हैं। इसके अलावा इमरजेंसी और अस्पताल में दाखिल मरीज अलग हैं। सीएचसी, पीएचसी में भी मरीज इलाज करवाने आते हैं। हड़ताल के कारण किसी को इलाज नहीं मिल पाया। जींद से आई कमलेश ने बताया कि उन्हें सांस की परेशानी है, हड़ताल का पता नहीं था, यहां पहुंचकर देखा तो डॉक्टर मरीजों की जांच नहीं कर रहे। अब हड़ताल खत्म होने के बाद ही आएंगे।

### नागरिक अस्पताल में नॉन स्पेशलिस्ट की कमी

नागरिक अस्पताल में नॉन स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी है। इसका नुकसान भी मरीजों को हो रहा है। सरकार की तरफ से कोई ड्यूटी लगाई जाती है तो उसमें विशेषज्ञ डॉक्टर को जाना पड़ता है, इस कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं। ऐसे में सरकार को यहां खाली पड़े करीब 40 पदों को भरकर अलग से कैडर बनाना चाहिए।

### लंबित मांगों पर नहीं हो रही सुनवाई

सरकार के साथ वर्षो से लंबित पड़ी मांगों को लेकर वह कई दौर की वार्तालाप कर चुकें हैं, लेकिन सरकार की कान तक जूं नही रेंगती। डॉ. गुंजन नेहरा ने बताया कि उन्होंने यह हड़ताल मजबूरन करनी पड़ी है इसलिए वह आम जनता से अपील करते हैं कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे इस प्रयत्न में डॉक्टर्स का साथ दें। -डॉ. **विश्वजीत राठी, प्रधान**, डॉक्टर्स एसोसिएशन

### ये हैं लंबित मांगें

- पीजी पॉलिसी में बॉन्ड की राशि 1 करोड़ से घटा कर 50 लाख की जाए और उसके लिए कुछ गिरवी न रखवाया जाए जिससे मध्यम वर्ग से आने वाले डॉक्टर पीजी करके जनता की सेवा कर पाएं।
- स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी को पूरा करते हुए स्पेशलिस्ट कैडर का निर्माण एसोसिएशन के सुझाव पर किया जाए।
- डायनेमिक एसीपी दिल्ली तथा बिहार सरकार की तर्ज पर बनाया जाए।
- डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद हो ताकि चिकित्सा अधिकारी जो लगभग 20 साल की नौकरी के बाद पहले प्रमोशन पर एसएमओ बनते हैं उनसे उनका हक़ न छीना जाए, तथा ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर एचसीएमएस में आकर जनता की सेवा कर पाएं।

### नर्सिंग एसो., पीजीआई में दो घंटे हड़ताल




**रोहतक।** नर्सिंग एसोसिएशन ने भी 28 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। पीजीआई नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि पीजीआई में सुबह 10 से 12 बजे तक नर्सिंग स्टाफ दो घंटे की हड़ताल पर रहेगा। इस दौरान विजय पार्क में बैठकर नारेबाजी की जाएगी। दूसरी ओर सिविल अस्पताल में आज होने वाली दो घंटे की हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। राज्य प्रधान निर्मल ढांडा, सचिव संतोष अलावत, चेयर पर्सन सुनीता, कैशियर नरेश, उप प्रधान कुलदीप बल्हारा, कमल और प्रदीप ने बताया कि डीजी हेल्थ ने मांगों को लेकर आश्वासन दिया है। कहा है कि अलाउंस 7200 रुपये और ग्रुप बी की मांग को जल्दी ही पूरा करवा दिया जाएगा अगर। नर्सिंग एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि मांगें को 15 दिन तक नहीं मानी जाता है तो आंदोलन तेज कर दिय जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने शिवाजी कॉलोनी के एरिया से हुई बाइक चोरी की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट पेश करके जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी शिवाजी कॉलोनी प्रदीप ने बताया कि गांव शिमली निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था।

### फौजी ढाबा पर फायरिंग करने का आरोपी दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने दिल्ली रोहतक रोड चुलियाना मोड़ के नजदीक स्थित फौजी ढाबे पर हुई फॉयरिंग की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश मलिक ने बताया कि 20 दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि फौजी ढाबे पर फायरिंग हुई है।

### आर्य वीर दल के विस्तार पर 6-7 को कार्यशाला

**रोहतक।** संस्कृति-रक्षा, शक्ति-संचय और सेवा कार्य के अपने लक्ष्य के विस्तार हेतु आर्य वीर दल के कार्यकर्ताओं की प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन 6 और 7 जनवरी को दयानंद मठ रोहतक में किया जायेगा। कार्यशाला में हरियाणा प्रान्त के सभी मंडलों के कार्यकर्ता भाग लेंगे एवं प्रशिक्षण ग्रहण करेंगे।

# आईएमटी में प्लॉट देने की प्रक्रिया शुरू करने पर किसानों ने एस्टेट ऑफिसर का आभार जताया

- जल्द ही 10 प्रतिशत राशि जमा करवाने के लेटर किसानों के पास पहुंच जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आईएमटी में प्लॉट देने की प्रक्रिया शुरू करने पर गांव बलियाना, बोहर, खरावड़, नौनंद और खेड़ी साध के किसानों ने एचएसआईआईडीसी के एस्टेट ऑफिसर कुलदीप कादयान का आभार जताया है। बुधवार को पूर्ण सिंह की अध्यक्षता में किसान आईएमटी में पहुंचे। यहां उन्होंने कुलदीप कादयान को गुलदस्ता भेंट करके प्लॉट देने की प्रक्रिया शुरू करवाने पर धन्यवाद किया। कुलदीप कादयान ने कहा कि जल्द ही 10 प्रतिशत राशि जमा करवाने के लेटर किसानों के पास पहुंच जाएंगे। बता दें कि कुछ गांवों के किसानों को प्लॉट नहीं मिल पा रहे थे। पिछले दिनों प्रक्रिया शुरू हुई थी। आईएमटी में उन किसानों को जल्द ही प्लॉट अलॉट होंगे, जिनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होनी है। इसके लिए ट्रायल लिया गया था, वह सफल हो चुका है। यहां किसानों को करीब 700 प्लॉट मिलने हैं। प्लॉट का साइज 100 से 450 वर्ग मीटर होगा।

कुलदीप कादयान ने बताया कि सरकार ने प्लॉट का रेट 4800 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किया है। इसी हिसाब से किसानों से पैसे जमा करवाए जाएंगे। इन प्लॉट का प्रयोग रिहायशी और वाणिज्यक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। मालूम हो कि आईएमटी विकसित करने के लिए कई साल विभिन्न गांवों की 3600 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई। एस्टेट ऑफिसर का कहना है कि इस 125 प्लॉट रनिंग में आ चुके हैं।



## जम गया पारा, ठिठुरन ने कंपकपाया



**रोहतक।** कड़ाके की सर्दी शुरू हो चुकी है। बुधवार को रोहतक अब तक पांच सालों में सबसे ठंडा रहा। तापमान दिन में 13 रहा जो शाम होते-होते 8 डिग्री तक आ गया। बुधवार सुबह से ही कोहरे की चादर छा गई थी। रोहतक में कोहरे का रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुबह शीतलहर के चलते दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे। आने वाले दिनों में और सर्दी बढ़ने के आसार हैं। बुहस्पतिार को हल्की धूप निकालेगी, लेकिन शुक्रवार को बूंदाबांदी के बाद फिर ठंड बढ़ जाएगी। शनिवार और रविवार को भी बादल छाए रहेंगे। दूसरी ओर चिकित्सकों ने सलाह दी है कि बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें।

*फोटो: अनिल चहल*

### फोटो वाली गली में मिला व्यक्ति का शव



**रोहतक।** झज्जर रोड स्थित फोटो वाली गली में एक व्यक्ति की शव मिला। जिसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान मृतक की पहचान के प्रयास किए गए। लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो पाई। बता दें कि बुधवार की सुबह फोटो वाली गली में एक 35-40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान व्यक्ति की पहचान के प्रयास किया गया। लेकिन व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पहचान के लिए पीजीआई के शव गृह में रखवा दिया।

### गांव रिटोली में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

**रोहतक।** गांव रिटोली में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। वहीं, परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। इसकी सूचना मृतक जयभगवान की पत्नी ने शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी घर से बुलाकर ले गया था। बाद में आरोपी ने साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान आरोपी ने मारपीट की और सीढ़ियों से धक्का दे दिया। मृतक की पहचान गांव रिटोली निवासी करीब 54 वर्षीय जयभगवान के रूप में हुई है। गांव रिटोली निवासी अमित ने आरोप लगाया कि उसके पिता जयभगवान को गांव का ही एक युवक 24 दिसंबर को घर से बुलाकर ले गया था।

### कलानौर: आठ एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा



**कलानौर।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने बुधवार को कलानौर नगरपालिका क्षेत्र से बाहर संत निरंकारी आश्रम के पास लगभग आठ एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी की चारदीवारी तोड़ी है। शाम करीब 4 बजे नगर योजनाकार विभाग की टीम पुलिस बल और जेसीबी के साथ कलानौर पहुंची और भू माफियाओं द्वारा लगभग 8 एकड़ में बिना अनुमति लिए अवैध कॉलोनी की चारदीवारी और इसमे बनी निशानदेही पर बुल्डोजर चलाकर इसे तोड़ दिया गया। सहायक जिला नगर योजनाकार मनीष ने लोगों से अपील की है कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें।


+ पोजीट्रोन
सिटी ओ.पी.डी.

सुविधाएं
- ECG
- X-RAY
- लैब टेस्टो पर 20% की छूट
- दवाइयों पर 5% की छूट

(वैधता केवल सिटी. ओ.पी.डी. में)

आयुष्मान भारत, ECHS,
हरियाणा सरकार एवं सभी TPA पैनल पर

मेडिसिन विभाग
डॉ.वी.के. कत्याल
MD, FACC (US), FCSI, FICP, FIAE, FIACM
Sr. Consultant : Medicine & Cardiology
MEDICAL DIRECTOR
Formerly : Sr. Professor & Head, Deptt. of Medicine, PGIMS, Rohtak
समय : सोमवार से शनिवार 9 बजे से 2 बजे तक



पेट, आंत व लीवर विभाग
डॉ. ईशा पाहुजा
MBBS, MD Medicine (Gold Medalist) (PGIMS, Rohtak)
DrNB Medical Gastroenterology & Hepatology
(BLK-Max, New Delhi)
फ्री ओ.पी.डी.



स्त्री रोग विभाग
फ्री ओ.पी.डी.
डॉ. अर्चना सुनेजा
MBBS, DGO, DNB
Consultant : OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak



स्थान- 381/16 हुड्डा कॉम्पलैक्स, आर्य नगर पुलिस स्टेशन के सामने, रोहतक
85710 81700, 01262-663004




टीवी आर्टिस्ट्स

# न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशंस

न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेने का ट्रेंड है। टीवी के कुछ आर्टिस्ट भी न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेते हैं। **हरिभूमि** को तीन टीवी आर्टिस्ट बता रहे हैं अपना न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशन।

## नए साल में अपनी फिटनेस पर फोकस करूंगा: दर्शन गुर्जर



**सोनी सब** के सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में दर्शन गुर्जर, चिराग की भूमिका निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, सवाल पूछने पर कहते हैं, 'मैं सकारात्मक बदलावों के बारे में सोच रहा हूं। इस साल मैं मुख्य रूप से अपनी फिटनेस को पटरी पर लाने पर फोकस करूंगा। मेरा बॉडी बिल्डर बनने के लिए कोई टारगेट नहीं है। मैं ऐसे काम करना चाहता हूं, जिनसे मुझे खुशी मिले। सुबह पुशअप्स और पुलअप्स करना एक ताजगी देने वाली एक्टिविटी है। मैं नए साल से ये एक्टिविटी करूंगा। साथ ही इसी महीने से मैं अपने डाइट के प्रति अधिक एलर्ट हो गया हूं। मुझे इंटरमिटेंट फास्टिंग शुरू करने से बेहतर महसूस होता है, जिससे मेरे शरीर और दिमाग दोनों को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। मैं नए साल में भी इसे करता रहूंगा। हमें जिंदगी में काम के साथ-साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी होता है, स्वास्थ्य सही होगा तभी हम दैनिक दिनचर्या में काम करने के लिए सक्षम रहेंगे। काम और जिंदगी के बीच एक हेल्दी बैलेंस बनाए रखने के लिए मैं खुद को अपनी सीमा से बाहर ज्यादा खींचने की कोशिश नहीं करूंगा।' *

## सुबह जल्द उठकर करूंगा सूर्य नमस्कार: आशुतोष कुलकर्णी



**एंडटीवी के** सीरियल 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका में आशुतोष कुलकर्णी नजर आ रहे हैं। नए साल पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, पूछने पर आशुतोष जवाब देते हैं, 'मैंने न्यू ईयर रेजॉल्यूशन लिया है कि नए साल के पहले दिन से ही अपने सेहत और मानसिक शांति के लिए सुबह सूर्योदय से एक घंटा पहले उठूंगा। उस एक घंटे में मेडिटेशन और कुछ सिंपल से व्यायाम करूंगा। ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ेगी, मन शांत होगा और हर परिस्थिति में मेरा मन स्थिर रहेगा। शांत मन और शरीर ना केवल मेरे शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा रखेगा। स्वास्थ्य, मेरे लिए मूल रूप से मन, शरीर और आत्मा की एक खुशहाल स्थिति है। मैं पहले से थोड़ा-थोड़ा जिम में एक्सरसाइज करता हूं। अब मैं जल्दी उठूंगा तो ध्यान के बाद सूर्य नमस्कार भी करूंगा। अभी मैं चार बार सूर्य नमस्कार करता हूं, नए साल से रोजाना बारह बार करूंगा। नए साल साल से इन सबकी शुरुआत करूंगा, ईमानदारी से करूंगा। इससे मेरा शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा। मैं सभी को यही कहना चाहूंगा कि आज के तनाव भरे जीवन में किसी को अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।' *

## डाइट का ध्यान रखूंगा-कभी झूठ नहीं बोलूंगा: विनीत कुमार चौधरी



**शेमारू टीवी** पर हाल ही में शुरू हुए सीरियल 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव का किरदार विनीत कुमार चौधरी निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर उन्होंने क्या रेजॉल्यूशन लिया है, पूछने पर वे बताते हैं, 'मैं हमेशा से अपने फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा कॉन्सिश रहा हूं। मेरा मानना है कि मुझे अपनी डाइट में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहिए। इसलिए मैं अपनी डाइट को सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं। साथ ही समय पर व्यायाम करता हूं, पूरी नींद लेता हूं, सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करता हूं। अपने खाने में शकरकंद और शहद का सेवन जरूर करता हूं। मैं इस बात का ख्याल रखता हूं कि मिठाइयों से दूर रहूं क्योंकि यह मुझे बहुत ज्यादा पसंद है। नए साल पर इन चीजों का ख्याल रखूंगा। साथ ही मैं ड्रिंक नहीं करूंगा और झूठ नहीं बोलूंगा। वैसे भी शनिदेव का किरदार को निभाने के बाद, मेरे मुंह से झूठ निकलता ही नहीं है। मुझे लगता है, नए साल पर सभी को अपने जीवन में ऐसा कोई खास प्रण जरूर लेना चाहिए, जिससे उनके जीवन में कोई बड़ा बदलाव आए।' *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

नया साल 2024 शुरू होने वाला है। आप जरूर चाहेंगे कि आने वाले साल में आप शारीरिक के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक रहें। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव से जुड़े कुछ संकल्प लेने होंगे। इन संकल्पों को लेकर अगर आप इन पर अमल करेंगे तो पूरे साल मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

# तन-मन रहेगा स्वस्थ नए साल पर लें ये 5 संकल्प



डॉक्टर एडवाइस


**डॉ. ज्योति कपूर**
साइकोलॉजिस्ट, नई दिल्ली

आने वाले नए साल की शुरुआत अपने जीवन में कुछ अच्छी आदतों को अपना कर करें तो इससे आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही बेहतर रहेगा। आपका मन स्वस्थ है तो आप किसी भी जिम्मेदारी को आसानी से ले सकते हैं, उसे बोझ नहीं समझेंगे और बेहतर तरीके से निभा भी सकेंगे। कहा जाता है कि मन से शरीर का संबंध बहुत गहरा होता है। मन शांत और प्रसन्नचित्त हो तो शरीर भी तंदुरुस्त रहता है। इसलिए अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नए साल के लिए पांच रेजॉल्यूशन यानी संकल्प लें।

### सोच को रखेंगे सकारात्मक

यदि आप किसी भी परिस्थिति में अपनी सोच को सकारात्मक रखते हैं तो इससे आप अपनी समस्या का निदान ही नहीं करते हैं, बल्कि उस समस्या का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर भी नहीं पड़ता है। आप उस परेशानी में उलझने से सदा के लिए बच जाते हैं। कई बार हम दूसरे से अपनी तुलना करने लगते हैं, जो हमारी सेहत के लिए भी ठीक नहीं होता है। यह जरूरी नहीं है कि जो चीज हमारे पास है, वह दूसरे के पास भी हो। दूसरे के अगर पास वो चीज नहीं है तो इससे हमारे अंदर अहंकार पैदा होता है। यदि अपने पास वो चीज नहीं है तो दूसरे को देखकर ईर्ष्या होने लगती है। ये दोनों ही आदतें हमारी मानसिक शांति और सुकून को छीन लेती हैं। इससे बचने के लिए यह जरूरी है कि इस नए साल में हम अपनी सोच को हर दशा में सकारात्मक रखने का संकल्प लें।





### हॉबी को देंगे समय



हर व्यक्ति की कोई ना कोई हॉबी जरूर होती है। डांसिंग, सिंगिंग, रीडिंग, प्लेयिंग, पेंटिंग या टूरिज्म जैसी कोई ना कोई हॉबी आपको भी जरूर होगी। अपने घर, परिवार की जिम्मेदारियों और काम से समय निकाल कर अपनी हॉबी को जरूर समय दें। इससे आपका आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही एक नया दृष्टिकोण भी मिलता है। हॉबी से हमारी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है और हमें खुशी भी मिलती है, जिसके कारण हमारे ब्रेन से हैप्पी केमिकल निकलता है। इसीलिए हमारे जीवन में एक हॉबी का होना बहुत जरूरी है। वैसे भी जिस काम में हमारा मन लगता है, जिसमें हमें खुशी मिलती है, उसके लिए हमें रोज कुछ समय जरूर निकालना चाहिए।

### वर्क-पर्सनल लाइफ में करेंगे बैलेंस

जीवन का आनंद लेने और तनाव से बचे रहने के लिए अपनी पर्सनल लाइफ और वर्क लाइफ में हमेशा बैलेंस करना सीखें। अकसर देखा जाता है कि कुछ लोग अपने वर्क लाइफ पर ही अधिक फोकस करते हैं, पर्सनल लाइफ पर उतना ध्यान नहीं दे पाते हैं। नतीजा वर्क लाइफ में तो अच्छा परफॉर्म करते हैं लेकिन पर्सनल लाइफ में अपनों से बहुत दूर हो जाते हैं, जिससे संबंधों में दूरियां और खटास आने लगती है। ऐसे लोग अपनी हेल्थ पर भी ध्यान नहीं दे पाते और अपने काम में इतने व्यस्त होते हैं कि पूरी नींद भी नहीं ले पाते हैं, जिससे वे कई तरह की बीमारियों से असमय ग्रस्त होने लगते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नए वर्ष में अपनी फैमिली के साथ समय बिताने, अपनी पर्सनल और वर्क लाइफ में बैलेंस करने का भी रेजॉल्यूशन जरूर लें।



### गैजेट्स एडिक्शन से रहेंगे दूर

इंटरनेट, मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप से एक तरफ हमारे जीवन में कई तरह की सुविधाएं मिल गई हैं तो इनका एडिक्शन एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव समाज के सभी वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। हमारी मानसिकता पर तो इसका प्रभाव पड़ ही रहा है, यहां तक कि यह हमारे संबंधों को भी खराब कर रहा है। अकसर हम इंटरनेट, मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया में इतना समय बर्बाद करते हैं कि हमारे आस-पास क्या हो रहा है उस तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। इतना ही नहीं यह एडिक्शन हमारी रचनात्मक क्षमताओं पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि इंटरनेट और मोबाइल हमारे जीवन के कामों को सरल बनाने के साधन हैं। अपने काम के लिए इसका उपयोग जरूर करें, लेकिन इनका दुरुपयोग या अत्यधिक उपयोग करने से बचें। इसलिए एक संकल्प यह भी लें कि नए वर्ष में इंटरनेट और गैजेट्स का लिमिटेड यूज करेंगे। इसके एडिक्शन से बचेंगे।

### निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे

जब हम बिना किसी स्वार्थ के कोई काम करते हैं तो हमें उस काम को करने से आंतरिक खुशी मिलती है, क्योंकि जब हम कोई नेक काम करते हैं और उसमें हमारी कोई आसक्ति (जैसे हमें उससे नाम, पैसा या मान मिले) नहीं रहती है तो हम उस काम को दिल से करते हैं। उसमें हमारा कोई स्वार्थ नहीं होता है तो हमें स्वतः ही अपार खुशी का अनुभव होता है। जब हम अपने घर-परिवार के लिए काम करते हैं तो यह हमारी जिम्मेदारी होती है। हमें लगता है कि इसे हम नहीं करेंगे तो कौन करेगा? जब हमारी रुचि निःस्वार्थ सेवा करने में होती है तो हम उस काम को बोझ नहीं समझते हैं। तब हम सबके प्रति अच्छा सोचते हैं, शुभ भावना और शुभकामना रखते हैं। इसीलिए किसी अनाथालय या ओल्ड एज होम में जाकर बच्चों के साथ समय बिताएं या बुजुर्गों की सेवा जरूर करें। इससे आपको दुआएं मिलेगी और अपने काम से संतुष्टि भी। इससे सारा मानसिक तनाव दूर होगा, आत्मिक शांति मिलेगी। नए वर्ष में ऐसी कोई हैबिट जरूर शुरू करें। *

प्रस्तुति : संध्या रानी

एलर्टनेस

# फिर बढ़ रहा कोरोना संक्रमण सतर्क रहें-बरतें सावधानी



पूरे विश्व में कोहराम मचाने वाली कोरोना महामारी को लेकर अभी भी खतरा कम नहीं हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए जेएन.1 कोरोना वायरस स्ट्रेन को 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया है। भले ही लोगों ने बढ़-चढ़कर वैक्सीनेशन कराया है लेकिन समय-समय पर कोरोना वायरस के नए वेरिएंट्स के सामने आने से खतरा कम होता नजर नहीं आ रहा है। एक बार फिर से खतरे की घंटी बजी है और इसका एक और नया सब वेरिएंट जेएन.1 देश-दुनिया में लोगों को संक्रमित कर रहा है। केरल में हाल ही में इस सब वेरिएंट जेएन.1 की पुष्टि की गई है। इसलिए इसके बारे में जानना और सावधान रहना बहुत जरूरी है।

**क्या है सब वेरिएंट जेएन.1 :** कोरोना का यह नया सब वेरिएंट इतनी तैजी से कैसे फैल रहा है? इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी-**डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'सबसे पहले यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर यह नया सब वेरिएंट है क्या? दरअसल डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर (सीडीसी) के मुताबिक कोरोना का यह सब वेरिएंट, ओमिक्रॉन सब वेरिएंट बीए.2.86 का ही नेक्स्ट जेनरेशन है और इसे दूसरी भाषा में पिरोला भी कहा जाता है। यदि विशेषज्ञों की नजरों से समझें तो जेएन.1 और बीए.2.86 के बीच केवल एक ही अंतर है- स्पाइक प्रोटीन में बदलाव, जिस कारण इस वायरस का संक्रमण अन्य वायरस की तुलना में तेजी से फैलने में सक्षम है। इस नए सब वेरिएंट से सावधान रहने के लिए आपको बहुत ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है।'

**जेएन.1 संक्रमण के लक्षण :** कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से संक्रमित होने के लक्षणों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन, **डॉ. नवनीत सूद** बताते हैं, 'पिछले कोरोना वेरिएंट्स की ही तरह इसमें भी मिलते-जुलते लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जैसे- लगातार बुखार आना, खांसी आना, नाक जाम हो जाना, नाक से पानी बहना, जल्द थकान, सिर दर्द, स्वाद या गंध का सेंस कम होना, गला खराब होना, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं आदि। डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर के मुताबिक कोई खास लक्षण अलग से नजर नहीं आए हैं, जिसकी वजह से यह पता लगा पाना मुश्किल है कि लक्षण पिछले कोरोना वेरिएंट के मुकाबले अलग हैं या नहीं, इसलिए अगर आपको ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच कराएं, मास्क लगाकर रखें और लोगों से दूरी भी बनाकर रखें।

**संक्रमण से बचाव के उपाय :** कोरोना से बचाव के उपाय के बारे में नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट- इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, कुछ विशेषज्ञों की मानें और सीडीसी के मुताबिक फिलहाल इसका कोई सबूत नहीं है कि यह नया वेरिएंट बहुत खतरनाक है। फिर भी जिस प्रकार से इसका संक्रमण वैश्विक स्तर पर तेजी से फैल रहा है, उसको देखते हुए बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है।

- यदि आपने अभी तक वैक्सीनेशन नहीं कराया है तो तुरंत वैक्सीनेशन कराएं।
- सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर रखें, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें।
- कोरोना के कोई लक्षण दिखें तो तुरंत अपनी जांच करवाएं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संक्रमित को अलग रहने दें और कोरोना नियमों का पालन करें।
- घर से बाहर जाते समय मास्क और हैंड सेनीटाइजर का इस्तेमाल करें।
- अपने हाथ साबुन से धोते रहें। *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

औषधीय वृक्ष

# औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात



पारिजात का पेड़ अत्यंत गुणकारी होता है लेकिन यह बहुतायत से नहीं उगता है। औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात के पेड़ का आयुर्वेद में बहुत महत्व है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारिजात को हरसिंगार, कूरी, सिहारु, नाइट जैसमिन, रागपुष्पी, गंगा सेयोली, पारडिक, जया पार्वती और ट्रीटी सैडनेस नामों से भी जाना जाता है। पारिजात के उपयोगी हिस्से इसके पत्ते, जड़, छाल, बीज और फूल हैं।

**सेवन के लाभः** पारिजात के बीजों का सेवन बवासीर की बीमारी में लाभदायक है। सर्दी, जुकाम और खांसी में इसके पत्तों का सेवन हितकर है। साथ ही पेट के कीड़ों को भी नष्ट करता है। जोड़ों का दर्द, अर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी इसका सेवन गुणकारी है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने के कारण कई बीमारियों में लाभ करता है। इसके पत्ते और छाल का सेवन बुखार को तुरंत कम करता है, इसलिए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया में बहुत लाभदायक है। मधुमेह रोगियों के लिए इसके पत्तों के काढ़े का सेवन बहुत गुणकारी है।

**सेवन का तरीकाः** अब पारिजात के सेवन के तरीके के बारे में जान लेते हैं।

- डैंड्रफ से परेशान हैं या दूषित खान-पान, कार्य की व्यस्तता, पोषक तत्वों की कमी के कारण सिर के बाल झड़ रहे हैं। ऐसे में पारिजात के बीजों का पेस्ट सिर पर लगाने से डैंड्रफ और सिर के बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। सिर पर फुंसियां होती हैं या खुजाने से बॉडी पर घाव हो जाता है तो भी इसके बीज का पेस्ट फायदेमंद है।
- गले की बीमारी गलशुंडी से परेशान हैं तो इसकी जड़ को चबाने से गले को आराम मिलता है।
- नाक या कान से खून आता हो तो इसकी जड़ अच्छी तरह धोकर चबाने से राहत मिलती है।
- बार-बार पेशाब आने से परेशान हैं तो इसके पत्ते, जड़ और फूल को मिलाकर काढ़ा बनाकर दो से चार चम्मच दिन में दो बार लेना फायदेमंद हो सकता है।
- शरीर में दर्द वाले स्थान पर इसके पत्तों को पीस कर गुनगुना करके दर्द वाले स्थान पर लगाने से दर्द से राहत मिलती है।
- दाद से परेशान हों तो इसके पत्तों को पीस कर रस निकाल कर दाद पर लगाएं, आराम मिलेगा।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय, उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'

हेल्थ एडवाइस

**डॉ. माजिद अलीम**

सर्दी के मौसम में अधिकतर बुजुर्ग लोग, जोड़ों के दर्द से परेशान रहते हैं। शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से यह समस्या होती है। इसे कंट्रोल करने के लिए कुछ सरल उपायों से आपको राहत मिल सकती है।

# सर्दियों में जोड़ों का दर्द इन उपायों से मिलेगी राहत



जो लोग जोड़ों के दर्द से पीड़ित होते हैं, सर्दियां उनके लिए बहुत कष्टदायक होती हैं। क्योंकि सर्दियां आते ही जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। इसके पीछे का कारण होता है शरीर में बढ़ा हुआ यूरिक एसिड। इसलिए जिनको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत हो, उन्हें सर्दियों में कुछ विशेष तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए।

**गुनगुने पानी का सेवन करें :** अगर आपको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत रहती है तो इस मौसम में लगातार गुनगुना पानी पीना चाहिए। इससे हड्डियों और जोड़ों में जमा यूरेट क्रिस्टल धीरे-धीरे पिघल कर मूत्र के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाता है। लब्बोलुआब यह कि ऐसे लोगों को सर्दियों में गुनगुना पानी पीना चाहिए, ताकि उनके जोड़ों का दर्द कंट्रोल में रहे। सर्दियों में कम पानी पीने की भूल कतई ना करें। सर्दियों में कम पानी पीएंगे तो यूरिक एसिड और ज्यादा परेशान करेगा। दरअसल, यह भी एक किस्म का विषाक्त पदार्थ है, जो गुनगुने पानी के सेवन करने से शरीर से बाहर निकलता रहता है। अब सवाल है कितना पानी पीना चाहिए? इसका कोई तय नियम नहीं है। आमतौर पर ढाई से तीन लीटर के बीच प्रतिदिन पानी पीना पर्याप्त माना जाता है।

**खट्टे फलों का सेवनः** खट्टे फल मसलन नीबू, संतरा, आंवला, अनानास, चेरी, स्ट्रॉबेरी, मौसंबी और पपीता आदि विटामिन सी से भरपूर होते हैं। खट्टे फलों के नियमित सेवन से इनमें मौजूद विटामिन सी शरीर के अंदर यूरिक एसिड को क्रिस्टल के रूप में जमा नहीं होने देती। इसलिए ये सभी फल प्राकृतिक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मददगार होते हैं। खासकर जिन लोगों को हड्डियों-जोड़ों में दर्द और यूरिक एसिड बढ़ा हुआ हो, उन्हें तो खट्टे फलों को अपनी नियमित खुराक का हिस्सा बना लेना चाहिए। इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद है आंवला।

**इन सब्जियों का करें सेवनः** खट्टे फल की तरह कई सब्जियां भी यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में सहायक होती हैं। इनमें कद्दू, टमाटर, खीरा, मशरूम, परवल आदि विशेष रूप से फायदेमंद सब्जियां हैं। ये सब्जियां शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करती हैं, जिससे यूरिक एसिड का लेवल कम हो जाता है। कद्दू में विटामिन सी, बीटा कैरोटिन, ल्यूटिन जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करता है, जिससे पाचनशक्ति बेहतर रहती है और यूरिक एसिड नियंत्रित रहता है। टमाटर भी विटामिन सी का भंडार है, जबकि खीरा फाइबर के भंडार होने के साथ-साथ पानी से भी भरपूर है, जिससे किडनी में गाउट की समस्या से बचाव होता है। मशरूम में बीटा-ग्लूकेंस होता है, जो यूरिक एसिड की समस्या से निजात दिलाता है। परवल खाने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे गाउट और गठिया के मरीजों को दर्द से राहत मिलती है।

**ये मसाले भी हैं मददगारः** यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में रसोई में पाए जाने वाले कई मसालों की जबरदस्त भूमिका हो सकती है। दरअसल, यूरिक एसिड शरीर में एक गंदगी की तरह जमा हो जाता है, इसे कुछ मसालों के खाने से शरीर से बाहर करने में मदद मिलती है। हल्दी, अदरक, अजवाइन और अलसी खाने से यूरिक एसिड की समस्या में फायदा होता है। अजवाइन इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद होती है, क्योंकि अजवाइन में एंटी-इफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इस कारण यह शरीर में बनने वाले यूरिक एसिड के क्रिस्टल को तोड़ती है और इस तरह जोड़ों के दर्द से मुक्ति दिलाता है। *

**आमंत्रित हैं लेख...**
स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें
हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

### खबर संक्षेप

## कुश्ती पहलवानों के जरिए ओछी राजनीति कर रहे राहुल



**रोहतक।** सीएम मनोहर लाल के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजकुमार कपूर ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव हारने के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी हरियाणा में कुश्ती पहलवानों के जरिए ओछी राजनीति कर सत्ता हासिल करना चाहते हैं। जिस तरह से कुश्ती पहलवानों के जरिए विरोध करवाया जा रहा है इससे सभी को स्पष्ट हो चुका है कि पहलवानों के विरोध के पीछे कौन लोग हैं और किस तरह से कुश्ती पहलवानों के भविष्य को खतरे में डाला जा रहा है। राजकुमार कपूर ने कहा कि जान-बूझकर पहलवानों के जरिए बयान करवाए जा रहे हैं।



## अच्छे संस्कार बच्चों को बनाते महानः डीईओ

**महम।** बच्चे का आचरण, व्यवहार व अच्छे संस्कार उसे महान बनाते हैं। बच्चे का आचरण अच्छा होगा तो महान बनेगा, संस्कार अच्छे होंगे तो सेवा भावना बढेगी तथा व्यवहार अच्छा होगा तो उसे सम्मान मिलेगा। ये बातें डीईओ रोहतक मंजीत मलिक ने हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद समग्र शिक्षा महम की ओर से बच्चों के कौशल को विकसित करने के लिए ब्लॉक लेवल पर रीडिंग प्रमोशन कंपीटिशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने पर कही।

### मौसम का बदला मिजाज, बुधवार को आसमान में दिनभर छाई रही कोहरे की चादर, कड़ाके की ठंड से मौसम अस्त-व्यस्त

# कोहरे में दो बसों में आमने-सामने की टक्कर, 14 घायल

### कोहरे के चलते सड़कों पर बढ़ा जान का खतरा, आपस में दो बसे टकराने से सड़क पर मची चींख-पुकार

जो बसें हादसे का शिकार हुई हैं उनमें एक प्राइवेट व दूसरी सोनीपत यूनिवर्सिटी की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कोहरे के चलते सड़कों पर खतरा बढ़ गया है। वाहन आपस में टकरा रहे हैं। इसी तरह सोनीपत रोड पर गांव कंसाला के पास दो बसों की भिड़ंत हो गई। जिनमें से एक प्राइवेट सवारी बस और दूसरी सोनीपत यूनिवर्सिटी की बस थी। हादसे में करीब 14 लोगों को चोटें आई। जिन्हें उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कार्रवाई शुरू कर दी। शुरूआती जांच में सामने आया कि कोहरा अधिक होने के चलते हादसा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सुबह सूचना मिली कि कंसाला में पेट्रोल पंप के पास दो बसों में टक्कर हुई है। सोनीपत की निजी विवि की बस छात्रों को लेने के लिए खरखौदा से रोहतक की तरफ आ रही थी। जबकि रोहतक से प्राइवेट बस सोनीपत की तरफ जा रही थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पीजीआई भिजवाया। हादसे के समय कोहरा अधिक था और दृश्यता काफी कम हो गई थी। माना जा रहा है कि इसकी वजह से हादसा हुआ है।




रोहतक। कोहरे में हुए हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। कोहरे में हुए हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। बुधवार को कोहरे के बीच गुजरते वाहन फोटो : हरिभूमि

### ये हुए घायल

*दोनों बसों की टक्कर में करीब 43 वर्षीय अशोक, 60 वर्षीय दिलबाग, 34 वर्षीय प्रदीप, 41 वर्षीय बबीता, 20 वर्षीय विकास, 19 वर्षीय प्रियांशु, 14 वर्षीय हिमांशु, 66 वर्षीय देव सिंह, 28 वर्षीय अन्नु, 27 वर्षीय सोनम, 20 वर्षीय मुस्कान, 27 वर्षीय नसीब, 34 वर्षीय संतोष व 50 वर्षीय प्रताप घायल हो गए। इसके अलावा कई लोगों को हल्की चोटें आई हैं। जिन्हें उपचार के लिए पीजीआई में भेजा गया।*

### इन बसों में हुई भिड़ंत

*एक प्राइवेट सवारी बस और दूसरी सोनीपत यूनिवर्सिटी की बस थी। हादसे में करीब 14 लोगों को चोटें आई। जिन्हें उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कार्रवाई शुरू कर दी। शुरूआती जांच में सामने आया कि कोहरा अधिक होने के चलते हादसा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है*

## बुधवार को दिनभर छाया रहा घना कोहरा, एसपी ने जारी की एडवाइजरी

- एसपी ने जारी की वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

धुंध व कोहरे के दौरान सुरक्षित सफर व सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने यातायात एडवाइजरी जारी की है। एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि धुंध व कोहरे के मौसम में सफर के दौरान सावधानी रखने से वाहन चालक न केवल स्वयं बल्कि अन्य लोगों को भी सुरक्षित रख सकता है। कोहरे व धुंध के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो गई है। ऐसे में सभी वाहन चालकों को सड़कों पर वाहन चलाते समय अत्यधिक सावधानी व सतर्कता रखनी होगी। इस मौसम में यातायात नियमों का पालन कर आप ही नहीं बल्कि दूसरों को भी सुरक्षित रख सकेंगें। कोई भी वाहन चालक शराब व किसी अन्य तरह का नशा करके वाहन नहीं चलाए। यातायात पुलिस ने कहा कि वाहन चालक स्पीड का विशेष ध्यान रखते हुए वाहन को धीमी गति से चलाएं। खराब मौसम के दौरान सड़क पर सफर के दौरान वाहन चालक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं।

### दृश्यता कम होने पर इंडिकेटर ऑन रखें : एसपी

*एसपी ने बताया कि धुंध की वजह से दृश्यता कम होने पर इंडिकेटर को भी लगातार ऑन रखें। वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लाइट व रिफलेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं। यदि धुंध व कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है तो ऐसे में फॉग लाइट का उपयोग अवश्य करें। धुंध व कोहरे के दौरान सड़क पर चलते हुए वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें। बॉक्स*

### अपनी लेन में चलें

*कोहरे में तेज गति से वाहन चलाने से बचें. यदि आप ऐसा करते हैं तो यह जानबूझकर घटना को निमंत्रण देने जैसा है। कोहरे के दौरान निर्धारित गति से कम गति में वाहन चलाना काफी बेहतर होता है। लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी होता है अपनी लेन में वाहन चलाना, बार-बार लेन बदलने से पीछे से आने वाले गाड़ी के ड्राइवर को कन्फ्यूजन हो सकता है। जिससे हादसे की संभावना और बढ़ जाती है।*

### मोबाइल का उपयोग करने से बचें

*एसपी ने बताया कि धुंध के दौरान गाड़ियों की गति को धीमा रखे व मोबाइल फोन व म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें। इसके अतिरिक्त, बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें ताकि जो दिखाई न दे सके उसे सुनकर यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। खराब मौसम में आपात परिस्थितियों में वाहन को संभल कर चलाएं।*

### दूसरे वाहन से उचित दूरी जरूरी

सामान्य दिनों में वाहन चलाते समय वाहनों से दूरी बनाना एक अच्छे ड्राइवर की निशानी है, लेकिन कोहरे के दौरान दूसरे वाहन से उचित दूरी को और बढ़ा लेना चाहिए। अचानक से ब्रेक लेने की स्थिति या फिर किसी आपात स्थिति में कार को मोड़ने के दौरान दुर्घटना से बचा जा सकता है। बुधवार को आसमान में दिनभर कोहरे की चादर छाई रही सड़कों पर हादसे भी हुए।

### लो-बीम पर हो हेडलाइट

*घने कोहरे में हेडलाइट को हाई-बीम पर रखना काफी खतरनाक हो सकता है। क्योंकि हाई-बीम पर लाइट फैल जाती है और कोहरे में वाहन चलाते समय हाई-बीम पर लाइट रखने से सामने कुछ भी दिखाई नहीं देता है। ऐसे में हेडलाइट को लो-बीम पर रखना ही बेहतर होता है। खासकर वैसे सड़कों पर जहां डिवाइडर न हो। धुंध के कारण दृश्यता बेहद कम होने की स्थिति में वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई।*



## सुभाषनगर गुरुद्वारे में बलिदान दिवस मनाया

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन जिला रोहतक और गुरुद्वारा सुभाष नगर की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में वीर बाल दिवस को गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों की शहादत को श्रद्धांजलि देने और दीवान टोडरमल जैन द्वारा उनके अंतिम संस्कार के लिए किए गए त्याग के लिए गुरुद्वारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी आयोजकों व प्रतिभागिओं का स्वागत किया और कमेटी के प्रधान सरकदार गुरबचन सिंह, चेयरमैन एस. जसबीर सिंह, सचिव हरिंदर सिंह, हरियाणा वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष शमशेर प्रकाश गोयल, महासचिव परम भूषण आर्य, पूर्व नगर पार्षद अशोक खुराना ने विचार रखे। सभी ने गुरु परिवार की देश और धर्म के लिए दी गई शहादत को प्रणाम किया। अध्यक्ष शमशेर गोयल ने पूरी घटना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुरेश बंसल संरक्षक, डॉ. अशोक बंसल, अशोक गुप्ता, संयोजक मदन गुप्ता, जोगिंदर सिंह, राम चरण सिंगला सचिव व आशीष मित्तल युवा सचिव आदि मौजूद रहे।

## लोगों को बताई केंद्र सरकार की योजनाएं

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आम जन की उम्मीद पर खड़ी उतर रही है। पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं के लाभ का हकदार बनाया जा रहा है। यह बात हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने आज वार्ड नंबर 13 के विजय पार्क, झंग कॉलोनी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में एकत्रित हुए लोगों को संबोधित करते हुए कही। मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य ध्येय यही है कि हर एक उस पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना है जो किसी कारणवश अभी तक इस लाभ से वंचित रह गए थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी की तैयारियों को बैठक

- जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 30 को, तैयारियों संबंधी बैठक में विभिन्न कमेटियां बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

30 दिसंबर को होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के मद्देनजर ड्यूटी ऑफिशियलस की मीटिंग का आयोजन बुधवार को बीआरसी कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र खत्री ने की। बीआरसी सुंदरलाल तथा सदानंद के मार्गदर्शन में तथा डीएसएस समीर मान के नेतृत्व में आयोजित इस मीटिंग में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन से संबंधित



महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में ड्यूटी ऑफिशियल्स की विभिन्न कमेटियां बनाई गई। साथ ही इन कमेटियों के कंवीनर्स को संबन्धित काम भी सौंपे गए। सभी ड्यूटी ऑफिसर को एपीसी राजेश मलिक एवं अरविंद ने उनकी जिम्मदारी से अवगत करवाया। इस दौरान डीएसएस समीर मान ने बताया कि प्रदर्शनी में पांच अलग अलग थीम पर आधारित मॉडल तथा पोस्टर प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा रोल प्ले गतिविधि का भी आयोजन किया जाएगा।

### खबर संक्षेप




## वेतन न मिलने तक जारी रहेगा धरना

**रोहतक।** पिछले पांच महीनों से वेतन न दिए जाने के विरोध स्वरूप वैश्य महिला महाविद्यालय के एसएफएस कर्मचारियों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। सभी ने एकजुट होकर कहा कि जब तक उन्हें पांच महीने का वेतन नहीं दिया जाता वे ऐसे ही धरना देकर बैठे रहेंगे। शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग ने कहा कि वेतन न मिलने के चलते उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका गुजर बसर काफी मुश्किल हो गया है। इसलिए उन्होंने अनिश्चिकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है।



## शिविर में 37 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष महंत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर समाजसेवी सुनील बल्ली के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। जिसमें 37 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान सुनील बल्ली ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। रक्त दान शिविर में 37रक्त दाताओं ने रक्त दान किया। सभी रक्त दाताओं को संत बाबा सुखा शाह एवम् सुनिल बल्ली ने बच एवम् प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पंकज कपूर, डॉक्टर निर्मल, सुरेंद्र, माइकल सिंह समाजसेवी, बलदेव, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को पढ़ाई में गणित का महत्व बताया

- जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में हुआ गणित सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में चार दिवसीय गणित सप्ताह का समापन हो गया। छात्रों द्वारा पूरे सप्ताह के दौरान हुए विभिन्न क्रियाकलापों की प्रस्तुतियों को दर्शाया गया। सप्ताह के दौरान सॉल्विंग रूबिक क्यूब, मैथ्स रिले रेस, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, कोलॉज मेकिंग, मैथ्स वर्कशीट के साथ-साथ टूडी एंड थ्रीडी शेप्स, सुडोकू, मैथ्स फनशीट, मैथ्स क्विज, नंबर लाइन के माध्यम से छात्रों के मन में गणित विषय के प्रति रुचि को और अधिक बढ़ाने तथा



अपने विचारों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास कारगर साबित हुए। कक्षा पहली से पांचवी तक हार्दिक, यक्षिका, रोनित, विवान, पीयूष, मेहुल, अक्षित, अरमान जियांश, जनक, अनंता, लविश, अर्णव, कायरा, दूर्वा, नव्या, मीका, रियान, हर्षित, जिगर, पारुल, अक्षिता, हिरेन ,ध्रुव, हिमानी, नमन,अर्याना, अवनी, शिवांश, दृष्टि, अवंतिका, पूर्वी , विपुल, दिव्या, चीरंजीव, पार्थ आदि ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी। वहीं कक्षा छठी से दसवीं तक धृति, अवनी, रिया, सुहाना, यश, अनमोल, नियति, शिवांश रहे।

## मांगों को राज्य सभा सदस्य से की मुलाकात

**महम।** हरियाणा पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी के प्रतिनिधिमंडल गेस्ट फैकल्टी यूनियन के उपप्रधान जयदेव नैन के नेतृत्व में बुधवार को राज्यसभा सदस्य रामचन्द्र जांगडा से मिले तथा अपना मांग पत्र सौंपा। जांगडा ने गेस्ट लेक्चरर व इंस्ट्रक्टर को 58 साल की जॉब सिक्योरिटी के लिए पूर्ण रूप से सहयोग देने का आश्वासन दिया। जयदेव नैन ने बताया कि हरियाणा में गेस्ट फैकल्टी स्टाफ सदस्य पिछले 10 सालों ने अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने जांगडा के सकारात्मक रुख पर उनका धन्यवाद किया और मानवीय आधार पर लंबे समय से कार्यरत गेस्ट फैकल्टी की जॉब सुरक्षित करने का विनम्र आग्रह किया।



## बच्चों ने भूत बनकर डराया, खूब मस्ती की

**रोहतक।** शेररिंग हैप्पीनेस ग्रुप ने मॉडल टाउन स्थित निजी होटल में हेलोवीन थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रुप के सभी सदस्यों ने भूत बनकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का भी लुत्फ उठाया। पंक्चुअलिटी गेम में विजेता मैं हूं डरावना भूत हर्षित को बनाया गया। वहीं मम्मी गेम की विजेता अनु व सरिता रही। बच्चों के खेल में परी ने बाजी मारी और एक थी डायन में सुनीता सिंघल व श्वेता विजयी रही। थीम के मद्देनजर मंजूलिका भी उपस्थिति रही। तमबोला गेम में विनर अनु, रुना, पूनम, शनाया, कीर्ति, भाविका रही। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के हेलोवीन प्रॉप्स व सेल्फी पॉइंट्स थे। इस कार्यक्रम का आयोजन सुनीता सिंघल द्वारा डॉक्टर निधि मित्तल, ईशा, नीतू तथा श्वेता के सहयोग से किया गया।



## 2700 कर्मचारियों को दिए जा चुके सर्टिफिकेट

**रोहतक।** शहीद दीपक शर्मा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन स्थित में हरियाणा कर्मयोगी कार्यक्रम जारी है। बुधवार को खंड रोहतक के 120 कर्मियों ने कर्मयोगी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। डाइट प्रवक्ता जितेंद्र सिवाच ने बताया कि अब तक जिले के 2700 कर्मचारी कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम कर्मचारियों में मूल्य, सुशासन एवं सदाचार की भावना विकसित करने के लिए चलाया जा रहा है। हिपा मधुबन, करनाल से दो दिवसीय ट्रेनिंग लेकर आए मास्टर ट्रेनर्स प्रवक्ता मनीषा पंवार, सुमित सहरावत रहे।

### मानवाधिकारों के बारे में बात करने से महत्वपूर्ण सही इंसान होना जरूरी

# प्रोफेसर शौनक ऋषि दास का छात्रों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय प्रबंध संस्थान में भारतीय ज्ञान से नेतृत्व पर व्याख्यान देने के लिए ऑक्सफोर्ड सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूके के निदेशक प्रोफेसर ऋषि शौनक दास पहुंचे। आईआईएम की ओर से उनका स्वागत किया गया। वह ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में हिंदू पादरी के रूप में भी कार्य करते हैं और संस्थान के आध्यात्मिक और बौद्धिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रोफेसर ऋषि शौनक दास का प्रभाव शिक्षा क्षेत्र से परे तक फैला हुआ है, यह 201 में वूल्फ



इंस्टीट्यूट, कैम्ब्रिज द्वारा आयोजित ब्रिटिश पब्लिक लाइफ में धर्म और विश्वास पर आयोग में उनकी सदस्यता से प्रमाणित होता है। प्रोफेसर दास ने आईआईएम रोहतक के छात्रों और संकाय से बातचीत की। उन्होंने परिसर का दौरा किया और आईआईएम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। प्रो. शर्मा ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया और आईआईएम में उनकी प्रथम भेट के लिए प्रो. दास की मेजबानी करने का सौभाग्य बताया। प्रोफेसर शर्मा ने आईआईएम रोहतक के एमबीए पाठ्यक्रम में भारत के ज्ञान और भारतीय ज्ञान के महत्व को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान पर पाठ्यक्रम आईआईएम रोहतक के मुख्य एमबीए कार्यक्रम का हिस्सा है। यह पाठ्यक्रम छात्रों को भारत के ऐतिहासिक आख्यानों से मूल्यवान अंतदृष्टि प्रदान करता है, जिसमें महाभारत, वेदों और उपनिषदों जैसे महाकाव्यों में पाए गए प्रबंधन और व्यापार सिद्धांतों पर जोर दिया गया है। प्रोफेसर शर्मा ने कहा, महाभारत में हमारे पास ऐसे कई उदाहरण हैं जो प्रबंधन और व्यापार की सीख देते हैं। साथ ही, कई उदाहरण यह सिखाते हैं कि व्यक्तियों को जीवन में कैसे व्यवहार करना चाहिए।

### आईआईएम के कार्यो का सराहा

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऑक्सफोर्ड सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज के निदेशक प्रो. शौनक ऋषि दास ने आईआईएम के गहन अनुसंधान प्रयासों और महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान के लिए प्रशंसा की। उन्होंने संस्थान का मान बढ़ाने के लिए प्रोफेसर धीरज शर्मा को बधाई दी। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, उन्होंने भारतीय ज्ञान से अंतदृष्टि प्राप्त करते हुए नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। प्रो. दास ने अपने संबोधन की शुरुआत खुशी की शब्दावली से की और दार्शनिक जिज्ञासाओं में निहित शाश्वत खुशी के भारतीय विचार पर चर्चा की।

## पारितोषिक वितरण समारोह हुआ

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट भारत स्काउट और गाइड के अंतर्गत बुलबुल कैंप का बुधवार को पारितोषिक वितरण समारोह किया गया। मुख्य अतिथि खंड समन्वक अधिकारी जय भगवान रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। विद्यार्थियों को कहा कि ऐसी गतिविधियों के चलते हैं विद्यार्थियों में सम्मान की भावना विकसित होती है एवं भविष्य में जरूरत पड़ने पर देश के लिए काम करने का हौसला भी मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्य सुनील नेहरा ने की। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस कैंप में बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया एवं बहुत कुछ सीखने का प्रयास किया।

## आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन की हुई बैठक



**रोहतक।** आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की सभी सब यूनिटों पर विरोध गेट मीटिंग रोहतक सर्कल में हुई। जिनकी अध्यक्षता सब युनिट प्रधानों व संचालन सचिवों ने किया । विरोध प्रदर्शन बिजली मंत्री रणजीत चौटाला की सहमत मांगों पर वायदा खिलाफी पर की गई। जिसका निर्णय युनियन की केंद्रीय परिषद ने किया है सिटी युनिट प्रधान विकास दहिया ने कहा की बिजली मंत्री ने सहमत मांगों को लागू करने में देरी की तो युनियन नये वर्ष में 03 जनवरी 2024 को युनिट स्तरीय विरोध प्रदर्शन करेगी । सभी सब यूनिटों पर जोरदार विरोध गेट मीटिंग की गई।

## खबर संक्षेप



### बाइक चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने पुराना बस स्टैंड महम के पास से बाइक चोरी की वारदात दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी महम निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि गांव निंदाना निवासी रोहित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान 26 दिसंबर को आरोपी विजय उर्फ छोटू व दिनेश निवासी कलंगा जिला भिवानी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।



### ऑनलाइन ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने दिल्ली पुलिस का आईपीएस बनकर यूट्यूब से वीडियों हटवाने के नाम पर 91 हजार रुपये की ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया था। दोनों आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जांच के दौरान 21 दिसंबर को आरोपी एजाज अहमद निवासी गांव कठौल जिला राजस्थान व 22 दिसंबर को अमित निवासी पानीपत को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एजाज को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया था।

# कारोर मोहित हत्याकांड में जतिन साथी सोनू सहित गिरफ्तार

- मानेसर में किराये के मकान में रह रहे थे आरोपी
- आरोपियों को 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव कारोर की खूनी रंजिश के चलते दिवाली के दिन हुए मोहित हत्याकांड में पुलिस को कामयाबी मिली है। सीआईए टीम ने वारदात में शामिल रहे मुख्य आरोपी जतिन को मानेसर से साथी सोनू सहित किया गिरफ्तार है। वह यहां किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके 7 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। डीएसपी सांपला राकेश कुमार ने बताया कि 12 नवंबर को दिवाली के दिन कारोर गांव में मोहित की हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि बाइक सवार चार युवकों ने अंधाधुंध गोलियां मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतक के पिता अजीत के बयान पर गांव के युवक जतिन व उसके साथियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था।

जांच में सामने आया कि अजीत खेतीबाड़ी का काम करता है। अजित के पास दो बेटे हैं। 12 नवंबर को करीब 1 बजे मोहित बाइक से खेत में गया हुआ था। अजीत ने मोहित को घर के काम से वापिस घर बुला लिया। अरोप है कि मोहित जब खेत से वापस आ रहा था तो वह गांव में कुम्हारो वाली गली के पास पहुचा तो जतीन, कपिल, पुलकित व अन्य युवक हथियार लिए हुए आए। जतिन व उसके साथियों ने पीछे से मोहित पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मोहित अपनी जान बचाने के लिए गली में भागा तो युवकों ने पीछा कर मोहित पर कई फायर किए। अजित व अनिकेत मोहित को बचाने के लिए भागे तो युवकों ने उन पर भी फायरिंग कर दी। मोहित के गिरने के बाद युवकों ने काफी फायर किए और मौके से फरार हो गए। गोली लगने के कारण मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी हिमांशु गर्ग ने मामले की जांच के लिए सीआईए-1 व सीआईए-2 स्टाफ की अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। प्रभारी सीआईए स्टाफ-1 निरीक्षक कुलदीप सिंह को वारदात में शामिल रहे जतिन व उसके साथी बारे पुख्ता सूचना मिली। सूचना मिलते ही सीआईए स्टाफ की टीम का गठन कर छापेमारी के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम ने मानेसर, गुरुग्राम से आरोपी जतिन निवासी गांव कारौर हाल गांव टिटौली, रोहतक व सोनू उर्फ भोलू निवासी गांव टिटौली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी सांपला राकेश कुमार व प्रभारी सीआईए स्टाफ-1 निरीक्षक कुलदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

### जतिन का पुराना आपराधिक रिकार्ड

जतिन के खिलाफ मार्च 2022 में थाना शिवाजी कॉलोनी स्नैचिंग व मारपीट के दो मामलें दर्ज हैं। जिनमें जतिन गिरफ्तार हो चुका है। गिरफ्तार होकर जतिन फरीदाबाद में बोस्टल जेल में रहा है। फरीदाबाद में बोस्टल जेल में जतिन की मुलाकात प्रशांत उर्फ अंशुल से हुई। जो स्नेचिंग के एक मामलें में जेल में बंद था। जतिन व प्रशांत उर्फ अंशुल ने जमानत पर आने के बाद इंस्टाग्राम के माध्यम से एक-दूसरे से संपर्क किया। प्रशांत उर्फ अंशुल कई बार जतिन के पास घर पर मिलने आया तथा कई दिनों तक उसके घर पर भी रहा है। जतिन अपने पिता की हत्या होने के बाद कई सालों तक गांव टिटौली में अपने मामा के घर रहा है। जहां उसकी दोस्ती गांव टिटौली के रहने वाले रोहित उर्फ मोटा व सोनू उर्फ भोला के साथ हो गई। रोहित उर्फ मोटा का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। जो सन 2021 में मारपीट के एक मामलें में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस के अनुसार जेल से बाहर आने के बाद आरोपी जतिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने पिता व चाचा आनंद की हत्या का बदला लेने के लिए अपने दोस्तों के साथ मिलकर प्लान बनाना शुरू कर दिया। जतिन ने दिपावली से एक दिन पहले 11 नवंबर को जतिन ने अपने साथियों को कारौर स्थित अपने घर बुला लिया और मोहित की हत्या करने की वारदात का प्लानिंग की। 12 दिसंबर को जतिन व उसके साथी सुबह से ही मोहित की तलाश में गांव में घूम रहे थे। दोपहर को जैसे ही मोहित मोटरसाइकिल पर दिखाई दिया तो जतिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोहित पर गोलियां चलाकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।



# मोटा अनाज खाने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है : डॉ. कर्मचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिल्ट 2023 वर्ष के उपलक्ष में कलानौर में जिला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 500 किसानों ने भाग लिया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद ने मोटे अनाज की महता के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि मोटे अनाज में लगभग 11.6 प्रतिशत प्रोटीन, मिनरल 2-3 प्रतिशत, फाइबर 1.2 प्रतिशत, कैल्शियम 42 प्रतिशत, फास्ट फोर्स 2.96 प्रतिशत, आयरन 8 प्रतिशत आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के खाने से शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग व हड्डियों की कमजोरी आदि रोगों से निजात मिलती है और प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने कृषि की विभिन्न स्कीमों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

### प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी

सहायक तकनीकी प्रबंधक डॉ. अनिल कुमार ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। वहीं गुण नियंत्रक निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने गन्ने व सरसों की खरपतवारनाशक व कीटनाशक दवाइयों के बारे में किसानों को बताया। इसके अलावा बागवानी विभाग से डॉ. नितेश भूकल ने बागवानी की विभिन्न स्कीमों की विस्तार से जानकारी दी और कृषि विभाग से सीमा ने कृषि यंत्रों के बारे में बताया। मंच संचालन खंड तकनीकी प्रबंधक डॉ. विजयपाल ने किया।

# कई वार्डों में विकास कार्य अटके

## पार्षद नाराज, तीन जनवरी को होगी हाउस की आखिरी मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नए साल में तीन जनवरी को होने वाली नगर निगम की मीटिंग में पार्षदों का रोष सामने आ सकता है। इसकी वजह भी साफ है। पार्षदों द्वारा पहले की मीटिंग में दिए गए अधिकतर एजेंडों पर काम ही नहीं किए गए। अब उनसे नए एजेंडे मांगे जा रहे हैं। इसको लेकर कई पार्षद मेयर और अधिकारियों के सामने भी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। पार्षदों का कार्यकाल जनवरी में खत्म हो रहा है। फिर वार्डबंदी की जाएगी और सरकार चाहेगी तो निगम के चुनाव होंगे। ऐसे में पार्षद सवाल कर रहे हैं कि कार्यकाल खत्म होने जा रहा है और वार्ड में काम पूरे हो नहीं पाए।

- जनवरी में खत्म हो रहा है पार्षदों का कार्यकाल

### वार्ड 1 में नहीं बने तीन शौचालय



*निगम द्वारा उनके एरिया में कई पार्क तोड़ दिए गए, लेकिन उनका सौंदर्यीकरण नहीं किया जा रहा। इसकी वजह से आमजन को परेशानियों उठानी पड़ रही हैं। सात कॉलोनियों को नियमित किया जाना है। जिसकी उनके पास कोई सूचना नहीं है। कॉलोनियों मतें कई सड़कों का निर्माण होना है, जो आज तक नहीं हो पाया। तीन शौचालय बनवाने की मांग की थी, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा एक हजार स्ट्रीट लाइट मांगी गई थी लेकिन एक भी लाइट नहीं दी गई। निगम के उच्च अधिकारी पार्षदों तक के फोन कॉल तक नहीं उठाते तो आम जनता की समस्याओं का कैसे समाधान करवाएं।*
*-कृष्ण सहरावत, पार्षद*

### बूस्टर का निर्माण कार्य अधूर



*सुखपुरा स्थित सामुदायिक केंद्र में पानी का बूस्टर बनाया जा रहा है। कई साल से बूस्टर का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। हाउस की मीटिंग में यह मामला उठाया गया तो अधिकारियों ने कहा कि इस पर 20 लाख खर्च आएगा। जिसमें ट्रांसफार्मर लगाने के अलावा पाइप लाइन दबाई जानी है। उन्होंने निगम से कहा था कि केवल दस लाख रुपये जारी कर दिए जाएं, वह स्वयं पूरा काम करवा लेंगे, लेकिन आज तक किसी अधिकारी ने बूस्टर की सुध नहीं ली। इसके अलावा गलियों के जो काम बताए गए थे, वह भी पूरे नहीं किए गए।*
*-सुनील कुमार, पार्षद*

### सड़कों का नहीं हुआ निर्माण



*वार्ड में देवराज सोनी वाली गली, जगदीश सहगल के घर के पास वाली गली, गली नम्बर दो रविदास नगर, जगदीश कॉलोनी पार्क वाली गली का निर्माण कार्य करवाया जाना था। एजेंडे में शामिल कर हाउस में रखा गया था, लेकिन किसी अधिकारी ने आज तक सुध नहीं ली। इसके अलावा हरि नगर में दो जगह नए सीवर दबाए जाने थे, जो काम नहीं किया गया। बरसात में पानी पांच से छह घंटे तक जमा हो जाता है, इसकी निकासी का कोई साधन नहीं है। अधिकारियों को प्वाइंट बताए गए थे, आज तक काम नहीं किया गया। सफाई के लिए पर्याप्त कर्मचारी न होने से गंदगी फैली रहती है।*
*-गुलशन ईशपुनियानी, पार्षद*

### वार्ड 11 में नहीं हुए एजेंडे पूरे



*पिछली मीटिंग में जो एजेंडे दिए गए थे, उन पर काम नहीं हो पाया। साफ सफाई को लेकर कुछ नहीं किया गया। सेक्टर एक, दो में सीनियर सिटीजन क्लब बनाने की मांग की थी। जिस पर कोई कदम नहीं उठाया गया। सेक्टर एक दो में डिस्पेंसरी भी नहीं बनाई गई। जबकि आबादी तेजी से बढ़ रही है। सड़कों की भी पूरी मरम्मत नहीं हो पाई। पार्कों में काफी चीजों की जरूरत है, जिसे पूरा नहीं किया जा रहा। कई जगह बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या है, जिसका समाधान नहीं किया जा रहा। अब दोबारा भी एजेंडे भेजे गए हैं। लेकिन अधिकारी एजेंडों पर गम्भीरता नहीं दिखा रहे।*
*-कदम सिंह अहलावत, पार्षद*

### काम करवाने का प्रयास



*पांच साल के कार्यकाल में हमारी तरफ से पूरा प्रयास किया गया है कि हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य हो। इसके लिए नगर निगम की तरफ से टेंडर जारी कर खूब काम करवाए गए हैं। इसके अलावा जो काम रह गए हैं, उन्हें पूरा किया जा रहा है। हाउस की मीटिंग 3 जनवरी को होनी तय हुई है जिसके लिए दोबारा एजेंडे मांगे जा रहे हैं।*
*-मनमोहन गोयल, मेयर*

### 2019 में हुए थे निगम के चुनाव

नगर निगम के पांच साल पहले दिसंबर 2019 में चुनाव हुए थे। 22 पार्षदों के अलावा मेयर को सीधी वोट डालकर चुना गया था। जनवरी में पार्षदों ने शपथ ली थी। इसके पांच साल बाद जनवरी 2024 में पार्षदों का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है। इसलिए हाउस की आखिरी बैठक के लिए निगम के मेयर मनमोहन गोयल ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा था। आयुक्त ने तीन जनवरी का दिन मीटिंग के लिए तय किया है। जिसकी सूचना पार्षदों को भेज दी गई है।

# एनईपी रद करने की मांग, 12 जनवरी को संसद मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया राज्य सचिव मंडल की मीटिंग राज्य अध्यक्ष विनोद गिल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 12 जनवरी को होने वाले संसद मार्च की तैयारी लेकर विस्तरी चर्चा हुई है।

उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर को हरियाणा के छात्र संगठनों की संयुक्त मीटिंग होगी। एनईपी रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा। 12 जनवरी को दिल्ली में एक संयुक्त संसद मार्च और चेन्नई में 1 फरवरी को छात्र रैली की जाएगी।




### ये हैं मांगें

- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और नीट एग्जाम रद्द किया जाए
- सबको शिक्षा और सबको काम सुनिश्चित करने के लिए भगत सिंह राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी अधिनियम को लागू हो
- शैक्षणिक संस्थानों में हो रही फ़ीस वृद्धि का प्रतिरोध और प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक मुफ़्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो
- प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण नीति लागू की जाए
- लैंगिक उत्पीड़न के खिलाफ़ हर शैक्षणिक संस्थान में सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार कमिटियों का गठन किया जाए।
- छात्र संघ चुनावों को सभी शैक्षणिक संस्थानों में बहाल किया जाए

# पीजीआईडीएस में बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल में गुरु गोविंद सिंह और उनके पुत्रों द्वारा दिए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि देने के लिए पब्लिक हेल्थ डेंटिसरटी के प्रोफेसर डॉ. आदर्श प्रोफेसर द्वारा वीर शहीदी दिवस पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन, डॉ. जितेंद्र सिंह शंटी अध्यक्ष शहीद भगत सिंह सेवा दल, सरदार जोगेंदर सिंह और बाबा फतेह सिंह, जोरावर सिंह शहीदी प्रदर्शिनी ट्रस्ट से सरदार मुकुंद सिंह रहे।

पीजीआईडीएस के एसोसिएट प्रो. डॉ. विपुल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों और संकाय सदस्यों को जागरूक करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिछले साल से सभी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में इसे राष्ट्रीय वीर शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। पीजीआईडीएस के प्रिंसिपल डॉ. संजय तिवारी ने कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमें यह ध्यान में रखते हुए समाज की सेवा करनी चाहिए कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



महम। कस्बा महम के अंबेडकर भवन में आरपीएसएस के नव नियुक्त प्रधान का स्वागत करते जिला कार्यकारिणी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# गुलाब सिंह बने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान

**महम।** गुलाब सिंह प्राईमरी अध्यापक को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का ब्लॉक प्रधान चुना गया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव संजय चोपड़ा ने बताया की बुधवार को महम-हिसार रोड पर स्थित अंबेडकर भवन में संघ के सदस्यों की मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामराज कादयान ने की। मीटिंग में इमलीगढ़ विद्यालय में कार्यरत प्राईमरी अध्यापक गुलाब सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय भैणी महाराजपुर में कार्यरत प्राईमरी अध्यापक रामचंद्र को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव,कोषाध्यक्ष व सह सचिव के पदों की जिम्मेदारी प्रधान व उपप्रधान को दी गई। जिला अध्यक्ष रामराज ने नव नियुक्त प्रधान को बधाई दी तथा शिक्षक संघ में सत्य और निष्ठा से कार्य करने की बात कही। प्रधान ने कहा की जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वे उसे कर्मठता के साथ निभाएंगे। इस अवसर पर विजय हुड्डा, धर्मवीर सिंह, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।



# एमडीयू महिला ताइक्वांडो टीम का नॉर्थ ईस्ट जॉन मे शानदार प्रदर्शन जारी

**रोहतक।** एमडीयू ने पिछले दो दिनों से जारी इस प्रतियोगिता में अब तक टीम ने तीन गोल्ड एक और एक ब्रॉन्ज मेडल पर कब्ज़ा करके अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। टीम के संचालक डॉ. सुरजीत नीमा, कोच सतीश दुल और कोच अशोक कुमार ने बताया कि कल के मुकाबले में भी टीम मेडल प्राप्त करेगी। खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने बताया कि टीम का प्रदर्शन बहुत अच्छा है।

# एमडीयू ने महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरी साइंस यूनिवर्सिटी की टीम को 153 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लॉइज क्रिकेट टीम ने नागपुर में चल रहे 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में के पहले लीग मैच में महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरी साइंस यूनिवर्सिटी की टीम को 153 रनों से हरा दिया। एमडीयू के कप्तान राज मैन ऑफ द मैच रहे। एमडीयू के गेंदबाज ऋषि सैनी ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक अपने नाम की।

नागपुर के मापसु क्रिकेट स्टेडियम में हुए मैच में महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरी साइंस यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। एमडीयू ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाए। कप्तान राज ने 56 गेंदों पर नाबाद 94 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरी साइंस यूनिवर्सिटी की टीम 60 रनों पर सिमट गई। एमडीयू की इस जीत में टीम खिलाड़ी योगेंद्र सिवाच, गौरव दूरेजा, महिपाल, राजेश शर्मा, आनंद मोहन भगत, सुनील कुमार, डॉ. सुखबीर हुड्डा, प्रवीन कुमार का भी विशेष योगदान रहा। एमडीयू कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने टीम को जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने टीम को अनुशासन एवं खेल भावना के साथ खेलने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एमडीयू शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. विकास सिवाच, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान राजकुमार शर्मा तथा निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने टीम को मैचों के लिए शुभकामनाएं दी।




# समर गोपालपुर कलां एवं खुर्द, सिसरौली एवं टिटौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का की तीन वैन जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रही है। दो वैन ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन चारों गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर रही है तथा एक वैन नगर निगम क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर एलईडी के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रही है। लोगों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलवाया जा रहा है। अजय कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन एक द्वारा सिसरौली व टिटौली तथा वैन दो द्वारा समर गोपालपुर कलां व खुर्द में कार्यक्रम आयोजित किये गए। सिसरौली गांव में 113 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 3 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 289 लाभार्थियों में से 7 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 4 लाख 7 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है।

